लोक सभा अध्यक्ष न्यूज़ीलैंड जा रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी

नई दिल्ली, 15 सितम्बर 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन 17 से 22 सितम्बर, 2016 तक न्यूज़ीलैंड के दौरे पर जा रहे भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगी। इस शिष्टमंडल में संसद सदस्य, श्री प्रेम चंद गुप्ता; श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा; श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ; श्री सी. आर. पाटील; श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश; श्री पद्माकर उर्फ़ अनिल गुलाबराव शिरोले; श्री रणविजय सिंह जूदेव; और श्री विवेक के. तन्खा तथा लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र शामिल हैं। लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव, श्री सिरिल जॉन इस शिष्टमंडल के सचिव हैं।

इस दौरे के दौरान, शिष्टमंडल न्यूज़ीलैंड की संसद के अध्यक्ष, माननीय डेविड कार्टर से भेंट करेगा और वेलिंगटन में न्यूज़ीलैंड-भारत संसदीय मैत्री ग्रुप के सदस्यों के साथ मुलाक़ात करेगा।

ऑकलैंड में शिष्टमंडल भारतीय समुदाय के लोगों से मिलेगा। इस कार्यक्रम की मेजबानी न्यूज़ीलैंड इंडियन सेंट्रल एसोसिएशन करेगी । इस एसोसिएशन की स्थापना 1926 में हुई थी और इस प्रकार यह न्यूज़ीलैंड में सबसे पुराना भारतीय संगठन है। इस एसोसिएशन की 10 सम्बद्ध शाखाएं और 7 सहयोगी अथवा प्रोबेशनरी सदस्य हैं जो न्यूज़ीलैंड में भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। लोक सभा अध्यक्ष प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सैनिकों के चित्रों का भी अनावरण करेंगी।

शिष्टमंडल शुक्रवार, 16 सितम्बर, 2016 को नई दिल्ली से न्यूज़ीलैंड के लिए रवाना

होगा।